<u>समाचार</u>

# ढेगुरनाला के पास अतिक्रमण को हटाया निगम ने



कोरबा 23 सितम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज अवैध कब्जा, अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए बालको रोड ढेगुरनाला के समीप किए जा रहे अतिक्रमण को हटाया गया।

आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर निगम अमले द्वारा अवैध कब्जा व अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा अतिक्रमण की जानकारी मिलते ही उसे हटाने की त्वरित कार्यवाही अतिक्रमण दस्ते द्वारा की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी योगेश राठौर ने बताया कि बालको रोड ढेगुरनाला के समीप अतिक्रमण कर मकान बनाया जा रहा था, इसकी सूचना मिलते ही निगम के अतिक्रमण दस्ते ने वहां पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण को हटा दिया है।

**<u>अतिक्रमण न करें</u>**– आयुक्त श्री राहुल देव ने अवैध कब्जा करने वालों को हिदायत देते हुए कहा है कि वे शासकीय व निगम की जमीनों पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण न करें। निगम द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही संचालित की जा रही है, अतः अतिक्रमण से बचे। उन्होने निगम के मैदानी अमले को भी कड़े निर्देश दिए है कि वे अपने–अपने कार्यक्षेत्रों में अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखें तथा अतिक्रमण की सूचना अतिक्रमण प्रभारी को तत्काल दें।